मेरा आशय साहित्य की कीमत कम रख कर स्वल्प व्यय द्वारा जनता को लाभ पहुँचाने का है। परन्तु वर्तमान समय में मंहगाई इतनी बढ़ गई है कि मेरी भावना कार्यान्वित नहीं हो पाती तथापि जितना बन सके ध्येय के नजदीक रहने का ही उद्देश्य है।

इस साहित्य की रचना में एक गुजराती भाषा की चौपाई का (जो श्री गोंडल सम्प्रदाय के विद्वान् मुनि की रचना है) आधार लिया है इसलिए उनके प्रति मैं कृतज्ञता प्रकट किये बिना नहीं रह सकता।

भवदीय
—लेखक

विषयानुक्रमणिका

र्ण कर जवानी में प्रवेश कर रहा है। वह शरीर की सुन्दरता वं पूर्वोपार्जित पुण्य से दर्शकों के दिल को हरण करे जैसा ाग्यशाली भी है।

अपने पड़ाव से दृष्टि गोचर होती हुई नगरी के दिखाव । आकर्षित होकर वह माता-पिता की सेवा में उपस्थित होकर हने लगा कि पूज्य पिताजी चिरकाल से पन्थ काटते काटते ाज अपना प्रयास सफल हुआ है। महल, मन्दिर और अट्टा- लकाओं से सुशोभित यह नगरी स्वर्ग को भी पराजित करने ाली है। इसलिए आपकी आज्ञा हो तो मैं अपने मित्रों के साथ सकी शोभा देखने को जाऊँ और शहर की रचना को देख कर रा मन प्रसन्न करूँ। यह नगरी बाहर से ही इतनी रमणीय ान ही है तब अन्दर कैसी होगी! अतएव जाने की आज्ञा ीजिये।

यह भारतीय शिष्टाचार है। पूर्वकाल में यहां ऐसी शिक्षा ी जाती थी जिससे शिक्षित होने के साथ साथ सन्तान में विनय, ोग्यता और पात्रता बढ़ती थी। उच्च श्रेणी पर पहुंचने पर भी ुवक अपने माता-पितादि गुरुजनों के प्रति नम्रता पूर्ण शिष्ट प्रवृत्ति करते थे। उनकी आज्ञा मानते और प्रत्येक कार्य उनकी आज्ञा प्राप्त करके करते थे। आज की तरह उद्धत, निरंकुश और अविनयी नहीं होते थे। दुर्भाग्य से वर्तमान समय के युवकों एवं युवतियों में स्वच्छन्दता और निरंकुशता का प्रवेश हो गया है यह पाश्चिमात्य शिक्षा का परिणाम है। पारस्परिक जीवन का सुख पूर्व प्रणाली से था या वर्तमान प्रणाली से है यह वाचक स्वयं विचार करें।

हुए यह जवानी में प्रवेश कर रहा है। यह शरीर की सुन्दरता एवं पूर्वोपार्जित पुण्य से दर्शकों के दिल को हरण करे ऐसा लावण्यशाली भी है।

अपने महल से दृष्टि गोचर होती हुई नगरी के दिखाव से आकर्षित होकर यह माता-पिता की सेवा में उपस्थित होकर कहने लगा कि पूज्य पिताजी चिरकाल से पन्थ काटते काटते आज अपना प्रयास सफल हुआ है। महल, मन्दिर और अट्टालिकाओं से सुशोभित यह नगरी स्वर्ग को भी पराजित करने वाली है। इसलिए आपकी आज्ञा हो तो मैं अपने मित्रों के साथ इसकी शोभा देखने को जाऊँ और शहर की रचना को देख कर मेरा मन प्रसन्न करूँ। यह नगरी बाहर से ही इतनी रमणीय मन हरी है तब अन्दर कैसी होगी! अतएव जाने की आज्ञा दीजिये।

यह भारतीय शिष्टाचार है। पूर्वकाल में यहां ऐसी शिक्षा दी जाती थी जिससे शिक्षित होने के साथ साथ सन्तान में विनय, योग्यता और पात्रता बढ़ती थी। उच्च श्रेणी पर पहुंचने पर भी युवक अपने माता-पितादि गुरुजनों के प्रति नम्रता पूर्ण शिष्ट प्रवृत्ति करते थे। उनकी आज्ञा मानते और प्रत्येक कार्य उनकी आज्ञा प्राप्त करके करते थे। आज की तरह उद्धत, निरंकुश और अविनयी नहीं होते थे। दुर्भाग्य से वर्तमान समय के युवकों एवं युवतियों में स्वच्छन्दता और निरंकुशता का प्रवेश हो गया है यह पाश्चिमात्य शिक्षा का परिणाम है। पारस्परिक जीवन का सुख पूर्व प्रणाली से था या वर्तमान प्रणाली से है यह वाचक स्वयं विचार करें।

कानों की पंक्तियाँ निरीक्षकों का दिल आकर्षित करती थीं। हवे-
लियों के नीचे के खण्डों में व्यापारी लोग अनेक प्रकार के माल
एवं किरानों की सजावट कर व्यापार करते हुए दिखाई देते थे।
देशी विदेशी स्त्री पुरुष विविध प्रकार की पोशाक में आवश्यक
वस्तुएँ खरीद रहे थे। जिनके उपर के खण्डों में रंग बिरंगी सजा-
वट के आवास घर थे। उनमें राग-रंग हो रहे थे जो पथिकों का
मनोरंजन करते थे। राज-मार्ग पर सेठ साहूकारों के गाड़ी घोड़े
इत्यादि दौड़ रहे थे जो पथिकों को सावधानी सूचक आवाज
भी देते थे।

इस प्रकार शहर की शोभा देखता हुआ हंसराज अपनी
मित्र मंडली से विनोद करता चला जा रहा है। इतने में बाजार
के बीच एक सतखण्डी हवेली दिखाई दी जिसके अन्दर अनेक
प्रकार के राग-रंग, गान-तान आदि हो रहे थे। आगन्तुक खड़े
रहकर यहां का दृश्य देख देख कर विस्मित होते थे।

इसी समय हवेली के दूसरे खण्ड के झरोखे में बैठी हुई
नायिका की दृष्टि बाजार में खड़े हुए इस युवक पर पड़ी। उसे
देखते ही उसने "यह कोई अमीर का पुत्र है यदि इसे अपनी
जाल में फंसाया जाय तो, काफी आमदनी हो सकती है" यह
विचार कर अपनी एक दूती को भेजी। चरित्रहीन कुलटाएँ ऐसी
ताक में ही रहती हैं। उनका यही व्यवसाय होता है।

दूती कुंवर के पास आकर हाथ जोड़ कर कहने लगी—हे
भाग्यशाली ! आप यहां क्यों खड़े हैं ? अन्दर पधार कर हवेली
का और हवेली के अन्दर रही हुई विभूति का अवलोकन करिये।

हम पर कृपा कर हवेली को पावन कीजिये और यहां के स्वर्गी सुख एवं अप्सराओं से अपना जीवन भी सफल बनाइये।

अनुभवहीन हंसराज अपने मित्रों सहित हवेली में प्रविष्ट हुआ।

बड़े बड़े शहरों में मनुष्यों को भूलभुलैया में डाल कर सर्वस्व हरण करने के कैसे कैसे साधन होते हैं और उनमें पतं की तरह पड़कर मनुष्य अपना सर्वनाश सुलभता से कैसे क डालता है, यह विवेकीजनों के लिये विचारणीय बात है। भर्तृ हरि ठीक ही कहते हैं कि:—

स्मितेन भावेन च लज्जया भिया, पराङ्मुखैरर्द्धकटाक्षवीक्षणैः।
वचोभिरीर्ष्याकलहेन लीलया, समस्तभावैः खलु बन्धनं स्त्रियः॥
(भर्तृहरि शृंगार शतक)

भावार्थ—सरल हास्य पूर्वक भाव जताना, लज्जा करना डरना, मुंह फेर कर खड़ी हो जाना और अधमुंदे नेत्रों से कटाक्ष पूर्वक देखना, वचन योजना, ईर्ष्या करना, कलह करना लीला करना इन सब क्रियाओं से स्त्रियाँ अपने बन्धन में पुरुषों को बाँध लेती हैं। फिर पुरुषों को अपनी इच्छानुसार नाच नचाती रहती हैं और बड़े बड़े चतुरों को पागल बना देती हैं। जिनमें पूर्ण विवेक होता है वे ही इस बलाय से बच सकते हैं।

नायिका को सौंप सातवें मंजिल की विभूति का एक बार उपभोग करूँ। कहा है:—

वेश्यासौ मदनज्वाला रूपेन्धनसमेधिता।
कामिभिर्यत्र हूयन्ते, यौवनानि धनानि च ॥
(भर्तृहरि शृङ्गार शतक)

भावार्थ—वेश्या रूप के ईन्धन से धधकती हुई कामाग्नि की प्रचण्ड ज्वाला है जिसमें कामी पुरुष अपना धन और यौवन का होम कर डालते हैं।

ऐसा निश्चय करके हंसराज अपने साथियों को कहने लगा मित्रों ! आपकी इच्छानुसार शहर की शोभा देखकर आप लोग उतारे पर पधारें मैं अभी यहीं ठहरूँगा। यह सुनकर हंसराज की मित्र मंडली उसके आन्तरिक भावों को समझकर वहां से चल दी और वे बाजार से आवश्यक वस्तुएँ खरीदकर पड़ाव की तरफ आने लगे।

हंसराज भी नायिका को कहने लगा कि मैं अभी ही पिता के पास जाकर उनसे पांच लाख की रकम सातवें मंजिल की फीस स्वरूप लाकर वापिस आता हूँ। यह कहकर वहाँ से डेरे की तरफ चल दिया।

बड़े २ शहरों में जितनी विलासी साधनों की प्रचुरता होती है मनुष्यों का पतन भी उतने ही प्रमाण में अधिक होता है आज भी बम्बई कलकत्ता देहली आदि भारत के मुख्य नगर हैं उनमें विलासी साधन भी बहुत हैं और अविवेकी मनुष्यों का पतन भी

यहां अधिक प्रमाण में होता है । नाटक, सिनेमा आदि का आविष्कार प्रारम्भ में चाहे अच्छे उद्देश्य से ही हुआ हो परन्तु उन से उचित शिक्षा ग्रहण करने वाले तो बहुत कम प्रमाण में मिलेंगे किन्तु इनके द्वारा ऐय्याशी, बदमाशी, छल, कपट आदि दुर्गुण ही अधिक प्रमाण में पल्ले पड़ते हैं । हंसराज के लिए भी यही हुआ है ।

प्रकरण ३ रा.

माता-पिता का स्नेह

हंसराज अपने पड़ाव में मात-पिता के पास उपस्थित हुआ और विनयपूर्वक नमस्कार कर कहने लगा—पूज्य पिताश्री आज एक नम्र विनति आपसे करना चाहता हूँ सो स्वीकार की जाय।

लाखी बनजारा, वात्सल्य पूर्वक कहने लगा 'प्रिय पुत्र, तुमसे अधिक प्रिय पदार्थ हमारे पास है ही क्या? तुझे जरूरत हो सो कह, वह तेरे स्वाधीन करें। हंसराज कहने लगा 'पिताजी, किसी आवश्यक कार्य वश मुझे पचीस हजार रूपये की जरूरत है सो देने की कृपा कीजिये।

पूर्व समय में आज की तरह सम्पत्ति के विभाजन नहीं होते थे पिता, पुत्र, पत्नी, पति के अलग २ संग्रह भंडार नहीं होते थे। यह भी किसी अपेक्षा अच्छा ही था इससे कुटुम्ब में संलग्नता बनी रहती थी। स्वच्छन्दता निरंकुशता को अवकाश ही नहीं मिलता था। कुटुम्ब की प्रत्येक घटना कुटुम्ब के नायक को ज्ञात हो जाती थी और वे भी अपनी तरह दूसरों की आवश्यकता को

समझते थे और बिना मांगे ही वे स्वयं पूरी कर देते थे। हमारे पुराने रीति रिवाज इनके मार्गभूत हैं, आज उनकी मर्यादाएं नष्ट कर पाँवतले उन्हें ठुकराया जाता है और स्वच्छन्दता में सुख माना जाता है। कोई किसी के अधीन रहना नहीं चाहता। इनका दुष्परिणाम अनुभव में आवेगा तब समझेंगे।

बनजारा अपने पुत्र से कहने लगा पुत्र ! तुझे ऐसा कौन सा व्यापार करना है जिसके लिए ऐसी बड़ी रकम चाहिये ?

जवाब में हंसराज एक वेश्या को देने का कहने में सकुचाया और मौन रहा। बणजारा बारम्बार पूछने लगा परन्तु पुत्र कोई जवाब नहीं देता है। पूर्व काल में बड़ों का अदब रखना आवश्यक माना जाता था, आज की तरह मुंहफट जवाब नहीं देते थे। बण-जारा के अत्यन्त आग्रह पूर्वक पूछने पर उसने सोचा कि बिना बताये रकम देंगे नहीं और बगैर रकम वहां पहुंच सकूंगा नहीं इसलिए लाचार हो कर कहने लगा—पिताजी इस शहर में एक लाखी गणिका रहती है उसके यहां अधिक से अधिक एक दिन रात की फीस पचीस हजार है। यह रकम दिये बिना मेरे दिल की मुराद पार पड़ती नहीं इसलिए यहां आया हूँ मेरा मन तो उसके यहां के सातवें मंजिल पर डोल रहा है केवल शरीर का खोखा ही आपके समीप उपस्थित हुआ है।

हंसराज के लिए यह पहला ही मौका है। यह पहले इस प्रकार की ऐय्यासी जानता ही न था न विलास प्रिय ही था बड़ा ही विनयवान शान्त मिजाज एवं नीतिज्ञ था किन्तु प्रकृति को जो कार्य जिसके द्वारा कराना होता है उसके लिये वह वैसे

ही साधन (निमित्त) खड़े करती है। मनुष्य उसकी कृतियों को नहीं जानता इसलिए बारम्बार आश्चर्यचकित होता है। कहा है:—

> तादृशा जायते बुद्धिर्व्यवसायोपि तादृशः ॥
> सहायास्तादृशो एव यादृशी भवितव्यता ॥ १ ॥
>
> —चाणक्य नीति

भावार्थ—वैसी ही बुद्धि उत्पन्न होती है वैसे ही संयोग बन जाते हैं और सहायक भी वैसे ही मिल जाते हैं जैसा भावी बनने वाला होता है। कहा है:—

> न निर्मितः केन न दृष्टपूर्वकः, न श्रूयते हेममयः कुरंगः
> तथापि तृष्णा रघुनन्दनस्य, विनाश काले विपरीतबुद्धिः।
>
> चाणक्य नीति

भावार्थ—न किसी ने बनाया न किसी ने पहले देखा न सुना कि सोने का मृग होता है किन्तु महापुरुष श्री रामचन्द्र जी भी सोने के मृग की माया जाल न समझ कर तृष्णा में उसे पकड़ने को पीछे पड़े तब सीताजी का हरण हुआ।

पिता कहता है कि हे पुत्र, ऐसी पापी प्रवृत्ति कराने वाले संसार का कुयोग मुझे कैसे हो गया? [illegible] मुझे कुछ भी [illegible] नहीं है [illegible] [illegible] तैयार है [illegible] [illegible] होता है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] जाता है [illegible] [illegible] [illegible] के यहां [illegible]

और उनसे सम्पर्क साधना भले आदमियों इज्जतदारों के लिए लाच्छन स्वरूप है ऐसी कुट्टनियों से बचना ही श्रेष्ठ है एवं उसी में क्षेम कुशल है।

> कश्चुम्बति कुलपुरुषो, वेश्याधरपल्लवं मनोज्ञमपि ॥
> चारभटचोरचेटक, नटविटनिष्ठीवनशरावम् ॥
>
> भर्तृहरि शृङ्गार शतक

भावार्थ—वेश्या का अधर पल्लव यदि अत्यधिक सुन्दर हो तो भी कौन कुलीन पुरुष उसे चुम्बन करे क्योंकि वह ठग ठाकुर और नीच नट-विट और जार पुरुषों के थूकने का ठीकरा है। प्रत्येक मनुष्य उससे नफरत करे ऐसी यह वेश्याएं होती हैं।

इत्यादि अनेक प्रकार का सद्बोध पिता ने दिया परन्तु जिसको तीव्र मोह का उदय होकर जो काम से परास्त हो जाता है उसे वह हितकर शिक्षा भी नहीं रुचती उल्टा उसे दूसरा ही खयाल होता है यही बात हंसराज के लिए भी हुई।

उसने सोचा इस तरह से तो पिताजी रकम देंगे नही और बगैर रकम दिये मेरा वहां जाना हो नही सकता। बिना वहां गये तथा सातवीं मंजिल पर रही हुई अद्भुतता देखे बिना मुझे चैन पड़ेगी नही इसलिए इस समय कुछ उपाय करना चाहिये यह सोचकर वह बोला—पूज्य पिताजी! आपका फरमाना ठीक है परन्तु मैं अब उसे टालने में असमर्थ हूँ यदि आपको रकम नही देना है तो जाने दीजिये मैं अब अपना धार्या करता हूँ मेरे अब तक के अपराधों को क्षमा करना यह मेरा अन्तिम प्रणाम है। कहने के साथ ही अपनी कमर में लटकती हुई कटार

निकाल कर अपनी छाती में भोंकने को तैयार हो गया। यह देख उसकी माता लक्ष्मी बाई (बनजारे की स्त्री) ने उसका हाथ पकड़ लिया और अपने पति से कहने लगी स्वामिन् ! आपने अपना कर्तव्य पालन कर लिया अब अधिक खींचा तान करने में कुशल नहीं है। इसकी अपेक्षा रकम ज्यादा नहीं है। आप जो करते हैं वह इसी के लिए है अतः रकम दे दीजिए अन्यथा अनर्थ कर बैठेगा।

पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों के स्वभाव में कोमलता विशेष होती है। तथा सन्तान के प्रति ममत्व भी अधिक रहता है। वे अपनी सन्तान के द्वारा होते हुए साहस को बरदास्त नहीं कर सकती इसलिए कोई २ बार इस सहृदयता का दुरुपयोग भी हो जाता है और वे ठगी भी जाती हैं।

बनजारा ने इच्छा न होते हुए भी रूपये पचीस हजार की थैलियें गणिका के यहां पोठियों पर पहुँचा दी। गणिका की नायिका ने रकम लेकर रसीद दी और युवक हंसराज के आने की प्रतीक्षा करने लगी।

पुत्र मोह भी ऐसी बलाय है कि वास्तविकता को जानते हुए भी कई भले नीतिवान मनुष्य अपने फरजन्दों को नरक के अनुगामी बनने में सहायक होते हैं ऐसे कट्टर तो बहुत कम होते हैं जो पुत्र मोह को गौण कर न्याय एवं सत्य को महत्व देते हों। जैन शासन में ऐसे मनुष्यों (सत्यधारियों की कमी नहीं है जिन्होंने पुत्रों का घात देखना तो सहन कर लिया परन्तु धर्म से विचलित नहीं हुए। श्री उपासक दशांग सूत्र इस बात की साक्षी पूरता है।

प्रकरण ४

वेश्या के भवन में माता का मिलाप

रुपये पच्चीस हजार विणजारा ने पोठियों पर लदाये उसी समय हंसराज भी अपने पड़ाव से विदा होकर गणिका के यहां उपस्थित हुआ। नायिका उसका अभिवादन करती हुई अन्दर प्रवेश करने का आमंत्रण करने लगी।

हंसराज पहले ही मंजिल में चढ़कर देखता है तो वह भवन जगमग जगमग प्रकाशमान हो रहा है। वहां रखे हुए एक पलंग पर बैठा कर नायिका ने अपने अधीनस्थ सर्व सुन्दरियों को आदेश दिया कि बहुत समय से आज सातवें मंजिल की फीस देने वाला यह भोगी भंवर अपना महमान हुआ है अतः इसका आदर सत्कार करके इसका मनोरंजन करो। आदेश पाते ही आस पास के कमरों में रही हुई शृङ्गार युक्त सुसज्जित सुन्दरियां हंसराज के पास आकर विविध प्रकार के कामोत्तेजक प्रयोग करने लगीं। यथाः

भ्रूचातुर्यात्कुञ्चिताक्षाः कटाक्षाः,
स्निग्धा वाचो लज्जितान्ताश्च हासाः।
लीलामन्दं प्रस्थितं च स्थितं च,
स्त्रीणामेतद्भूषणं चायुधं च ॥ १ ॥

—भर्तृहरि शृंगार शतक

भावार्थ— भौंहें पलटाने की चतुराई, आंखें कुछ मुंद-टेढ़ी नजर से कटाक्ष करना, स्निग्ध एवं मधुर वचन बोलना, लज्जा करना, फिर हंसना, मन्द मन्द गति से लीला करती हुई चलना और घूम कर खड़ी हो जाना यह स्त्रियों के स्वभाविक भूषण तथा कामी पुरुषों को वश में करने के आयुध (शस्त्र) भी हैं।

यह सब चेष्टाएं देखकर हंसराज विचार करता है कि स्वर्ग की विभूति को भुलावा दे ऐसी स्थिति तो यहीं है तब जहां की फीस मैंने भरी है वहां कैसी तय्यारी होगी अथवा क्या कमी है यह चल कर देखना चाहिये। अंग चेष्टा की जानकार नायिका कहने लगी हे—महापुरुष उठो और मेरे साथ सातवें मंजिल पर चलो। यह सुनते ही हंसराज वहां उपस्थित तरुणियों के तेज में जिसका मन अधीन नहीं हुआ है वह उठ कर ऊपर चढ़ने लगा। प्रत्येक माले में उसका इसी प्रकार स्वागत होने लगा और वहां की विशिष्ट सामग्री देख देख कर आश्चर्य पाता हुआ छठे मंजिल में पहुँचा वहां भी वैसा ही स्वागत और मनोरंजन हुआ किन्तु वहां भी न रुकते हुए जहां का चार्ज दिया है वहीं जाने की इच्छा ने उसे विवश किया। तब नायिका बोली हे भाग्य-शाली अब आप इस चढ़ाव से ऊपर सातवें मंजिल में जाकर चौबीस घंटे तक इच्छानुसार सुखोपभोग करिये और अपनी दी हुई फीस को सार्थक कीजिये यह कह कर नायिका वहां से चली गई।

सातवीं मंजिल की सीढियों पर चढते हुए हंसराज सोचता है कि इस मंजिल तक नयी नयी नव यौवना सुन्दरियों ने मुझको अपने प्रेम में फांसने के लिये पूर्ण प्रयत्न किया और कुशलता

…क मेरा मन मुग्ध किया परन्तु सर्वोपरि शोभा के स्थान रूप …तवें खण्ड की सुन्दरी जो मेरे स्वाधीन की गई है वह किस …यारी में लगी हुई है यह मुझे पहले गुप्त रूप से चलकर देखना …हिये । यह विचार करके अपने पांव की आवाज रोक कर …ीढ़ी पर से ही दृष्टि डालता है तो उसके नयनों को चकाचौंध …रे ऐसी सजावट व पलंग आदि देखा परन्तु वहां रही हुई सुन्दरी …क दम विचार मग्न और दीनता युक्त चेहरे से बैठी हुई दिखाई …ी । उसे शोक सागर में डूबी हुई एवं आंखों से अश्रुधार बहाती …ुई देख कर हंसराज आश्चर्य करने लगा और विचारने लगा कि यह क्या बात है ?

वह मंजिल में पहुँच कर पलंग पर बैठ गया । यद्यपि बाहर की शोभा और सजावट तो उस सुन्दरी की भी वैसी ही थी, वस्त्राभूषण वैसे ही बहुमूल्य थे जिससे कि आगन्तुक आकर्षित हो जाय परन्तु हृदय के भाव इसके विपरीत ही थे । वह सोच रही थी कि मेरे पूर्व कृत कर्मों ने मुझे यहां लाकर रखी फिर भी पाप में पुण्य के छांटे से बारह-वर्ष तो बीत गये और मैं अपने शील धर्म की रक्षा कर सकी, एवं अपने पूर्व दुखों को भूलसी गई थी परन्तु आज अनायास यह कैसी आफत आयी है । प्रभो ! अब मैं पराधीन बनी हुई आज मेरे शील धर्म रूपी रत्न की रक्षा कैसे कर सकूंगी । हे क्रूर दैव ! मेरे पापों ने मुझे कहां से कहां लाकर डालदी । कहां मेरे पति, कहां मेरे पुत्र, कहां मेरा घर और कहां मैं ? इत्यादि विचारों में मग्न बनी हुई निश्वास डालकर धूजने लगी और अनायास बोल उठी प्रभो ! अब तो समय आ पहुँचा है मुझे पवित्र स्थिति में ही देह त्याग करने में सहायक बनिये । कारण कि यह तरुण पुरुष सुर भवन से ही मेरी लाज लूटने को

[illegible]

"प्राणनाशे क्षणं दुःखं, शीलभंगे पुनः पुनः"

अर्थात् प्राण त्यागने में तो एक बार ही दुःख होता है परन्तु शील भंग का बारम्बार दुःख होता रहेगा।

आगन्तुक युवक उस सुन्दरी की यह हालत देखकर व उसके मुंह से निकले हुए भयोत्पादक शब्द सुनकर [illegible] उस सुन्दरी को सम्बोधन करके कहने लगा:—

अरी पाताल लोक की पद्मिनी के रूप को मात करने वाली तथा स्वर्ग लोक की अप्सराओं की प्रतिस्पर्धा करने वाली कोमलांगी कान्ता तेरे लिए ही मैंने चौवीस घण्टे के रुपये पच्चीस हजार दिये हैं और तीसरे मंजिल की उन अप्सराओं के आग्रह पूर्ण आमंत्रण को ठुकराकर मैं यहां तेरे पास आया हूँ, किन्तु अफसोस है कि तुम्हारी तरफ से मुझे उचित आदर सत्कार जितना भी सुख नहीं मिला यह कितनी अनुचित बात है? क्या मेरे दिये हुए पच्चीस हजार रुपये व्यर्थ ही जावेंगे। तेरा रूप तो मेरे हृदय में प्रेमोत्पत्ति करता है किन्तु तुझे ऐसा कौनसा दुःख पीड़ा दे रहा है जिससे तेरी यह स्थिति हो रही है। इस समय मेरा दिल जिस प्रकार निरंकुश-मदोन्मत्त हाथी महावत के काबू से बाहर होकर उत्पात करता है उस तरह मदन के आवेग से विकल बन रहा है अतः अब देरी न कर।

सती ने अपने ऊपर गुजरे हुए सितम का पूर्ण बयान करने जितना समय न होने से संक्षेप में ही कहा कि हे वीर मैं गणिका नहीं किन्तु कुलीन कान्ता हूँ शील संरक्षण के खातिर

पहले भी मैंने अनेकों संकट सहे हैं और अब भी सहने को तैयार हूँ। मेरे दुर्दैव ने मुझे यहां लाकर रखी है फिर भी मैं तो संसार के सभी पुरुषों को बन्धु भावों से ही देखती हूँ। मैंने यहां तक निश्चय कर रखा है कि चाहे मुझ पर दुःख के पहाड़ आकर गिरें तो वह सह लेना, देह त्याग देना किन्तु शील धर्म का त्याग करके, पर पुरुष का सेवन नहीं करना।

इस प्रकार अपने शील धर्म की रक्षा के खातिर उस सती ने बहुत कहा परन्तु जिसने एक दिन के पच्चीस हजार रुपय नायिका को दिये हैं वह कब माने ? उसने सती के कहने पर कुछ भी खयाल न करते हुए उसे अपने प्रेम पाश में जकड़ने के लिए पर्यंक पर से उठ कर उस सती का हाथ पकड़ अपने पास लाने को खड़ी की। उसी समय दोनों की चौनजर होते ही एक अजीब घटना घटी।

जिस प्रकार भगवान् महावीर को देखते ही देवानन्दा के हृदय में पुत्र प्रेम जागृत होकर उसका वदन स्फुरायमान हो गया था रोमराजि विकसित हो गई थी और दोनों स्तनों से दूध की धारा छूटी थी जिसका वर्णन श्री भगवती सूत्र के ९ वें शतक उद्देशक ३३ में है उसी प्रकार इस सती को भी पुत्र का वियोग हुए तेरह वर्ष करीब हो गये थे और स्तनों में दूध भी सूख गया था, वह पुत्र का कर स्पर्श होते ही सती के शरीर में यकायक बिजली का सा परिवर्तन हो गया। शरीर हर्षोन्मत्त होकर दोनों पयोधरों से दूध की धारा निकल आयी और पहना हुआ बहुमूल्य कञ्चुक गीला हो गया।

प्रकरण ५

संस्कारों का प्राबल्य

एक क्षण पहले जिसके प्रति घृणा हो रही थी और आंख उठा कर सामने देखना भी नहीं चाहती थी, हृदय में तिरस्कार भरा हुआ था, दृष्टि मिलाप होते ही हृदय में मातृप्रेम का वेग उमड़ आया। यद्यपि यह सती भी यह नहीं जानती है कि यह अंगजात पुत्र है फिर भी पूर्व संस्कार अपना काम करते हैं।

सती उस पुरुष को अब टकटकी लगा कर देखने लगी और उसके हृदय में शान्ति का झरना झरने लगा। जिस प्रकार एक सिद्ध पुरुष मेस्मेरिजम के प्रयोग से अपनी भावना सामने वाले मनुष्य में प्रवेश करके उससे अपना अर्थ सिद्ध करता है उसी प्रकार इस सती की पवित्र दृष्टि उस कामी पुरुष पर पड़ते ही उसकी विकारी मलिन भावना भी नष्ट हो गई और उसने सती का पकड़ा हुआ हाथ छोड़ दिया और उसके दुखित हृदय की गहरी वेदना सुनने को उत्सुक बन गया। यद्यपि हंसराज ने तो इस सती का हाथ विकारी भावना से ही पकड़ा था परन्तु न जाने माता और पुत्र के शरीर का ऐसा क्या सम्बन्ध है जो अकस्मात यह परिवर्तन हो गया।

बिजली के बटन दबाने से जिस प्रकार रोशनी प्रकट हो जाती है इसी तरह इस विदेशी पुरुष को देखकर सती के हृदय में भी स्वाभाविक आत्मीयता प्रकट हो गयी। वह सोचने लगी कि मेरे हृदय में इस प्रकार परिवर्तन करने वाला यह कौन पुरुष है जिसका हस्त स्पर्श होते ही मेरे स्तनों में शुष्क बना हुआ दूध प्रकट हो गया और मेरे हृदय में मातृ वात्सल्य उमड़ पड़ता है इस पुरुष के साथ मेरा कौन सा निकट सम्बन्ध है इससे पूछ कर तो देखूं।

सती हंसराज से पूछती है—हे सज्जन ! तुम कहां रहते हो तुम्हारे माता पिता कौन हैं और तुम्हारा क्या नाम है, तुम कहां से आये हो ? उत्तर में हंसराज कहता है कि हे सुन्दरी मैं मरुधर देश का रहने वाला हूं। लाखा बणजारा मेरे पिता हैं लक्ष्मी बाई मेरी माता है। मेरे माता-पिता व्यापारार्थ बारद लेकर पोठियों पर माल लाद के देशाटन करते हैं उनके साथ मैं भी भ्रमण करता हूं। मेरे माता पिता इस शहर के बाहर बारद का पड़ाव देकर रहे हुए हैं। मैं अपने मित्रों सहित शहर का निरीक्षण करने निकला था। संयोग वश यहां आ पहुँचा। हवेली की नायिका ने तुम्हारी तारीफ की इससे आकर्षित होकर यहां आया हूँ। इसके सिवाय मैं कुछ भी नहीं जानता हूं।

सती कहने लगी कि आपका कथन सत्य है फिर भी आपको कर स्पर्श होते ही मेरे हृदय में व बाहर जो परिवर्तन हुआ है इससे ज्ञात होता है कि आपके साथ मेरा कोई पूर्व परिचय है। इसलिये मैं आपकी पूर्व स्थिति विशेष रूप से जानना चाहती हूँ तो कृपया एक बार आपके माता पिता के पास जाकर

और आपके बाल्यकाल की घटना माता-पिता से पूछकर मुझे सुनावें तो मैं आपकी बहुत अहसानमन्द रहूँगी। मेरे पुत्र को मुझ से बिछुड़े करीब इतना ही समय हुआ है इससे मेरे हृदय में यह उत्सुकता है अत कृपा करके मेरे दिल का समाधान करने के लिये आप अपना वृत्तान्त पूछ आवें।

इस प्रकार के सती के मृदु और कोमल वचन सुनकर हंसराज सोचने लगा कि यह युवती यदि इससे सन्तुष्ट हो जाय तो ऐसा करने में मुझे क्या हानि है ? यह विचार कर हंसराज कहने लगा—हे कोमलांगी, धैर्य धरो मैं अभी माता पिता से पूछ आता हूं। यह कहकर वह भवन से नीचे उतरा और अपने पड़ाव में उपस्थित हुआ। स्वल्प समय में ही हंसराज को वापस आया देखकर वणजारा को यह शंका हुई कि ऐसी कौन सी वस्तु की इसे जरूरत पड़ी जिससे इसे पीछा आना पड़ा।

दोनों दम्पति यह तर्क करते थे इतने में हंसराज माता-पिता के पास आकर विनय पूर्वक पूछने लगा कि हे माता पिता ! मैं किसका पुत्र हूँ और मेरी पूर्व स्थिति यानी बाल्यकाल की कोई विशेष घटना है ? यदि हो तो यथावस्थित प्रकट कीजिये।

वाचक को यहाँ यह शंका होना स्वाभाविक है कि दूध का पाना बढ़ने आदि के द्वारा उस रानी को तो अपना अंगज होने का वितर्क हो सकता है परन्तु हंसराज को माता-पिता के सामने ऐसा प्रश्न करने का क्या कारण है ? इसके लिये यही कहा जा सकता है कि हंसराज को भी उत्सुकता पैदा हो गई कि जो मैंने एक बार पहले सामने भी नहीं देखी थी वह निर्भय

होकर बात करने लगी और उसका हाथ पकड़ते ही उसकी भी विकार भावना बदल गई जिससे इसे भी विचार हुआ कि यह क्या बात है। पूर्व संस्कार भी अपना कार्य कराते ही हैं। प्रत्यक्ष न जानने पर भी बुद्धिमान अनुमान पर से विचार कर सकता है।

पुत्र के द्वारा यह प्रश्न सुनकर बनजारा और उसकी स्त्री असमंजस में पड़ गये कि इसे पूर्व की बात किसने बता दी जो आज पुत्र इस प्रकार प्रश्न करता है। इसे क्या उत्तर देना चाहिये इस प्रकार शंकाशील चेहरे से कुछ विलम्ब करके वे उत्तर देने लगे—प्रिय पुत्र ! तेरे जैसे विचक्षण और बुद्धिमान को इस प्रकार की (बालक जैसी) शंका कैसे हुई और यह बात पूछने का साहस ही क्यों पैदा हुआ। तू हमारा एक मात्र ही पुत्र है और हमें प्राण से भी प्यारा है। यह सब तेरा ही है। ऐसी बातें जाने दे। क्या मतलब है ऐसी बातें पूछने से ? विलम्ब से और फिर भी टालमटोल का उत्तर मिला इससे हंसराज को भी भ्रम हुआ कि कुछ रहस्य अवश्य होना चाहिये अन्यथा इन्हें विचार में पड़ने की क्या आवश्यकता थी और सुनते ही ये स्तब्ध क्यों बन गये ? अब तो सच्ची हकीकत जाननी ही चाहिये। बुद्धिमान और विलक्षण मनुष्य इस प्रकार चेष्टा एवं बोलने की पद्धति से विषय की वास्तविकता को समझ जाते हैं यह मतिज्ञान के क्षयोपशम की विचित्रता है। एक मनुष्य इशारे से समझ जाता है दूसरा पूरी बात समझाने पर भी नहीं समझता है और उसे उल्टी तानता है। यही कर्म सिद्धान्त की सिद्धि है।

प्रकरण ६ ठा.

वास्तविकता पर प्रकाश

ज्यों २ माता पिता की तरफ से सच्ची बात प्रकट होने में विलम्ब तथा आनाकानी होने लगी त्यों २ हंसराज की अधिकाधिक उत्सुकता बढ़ती गई और वह आग्रह करता जाता था। जब उसके मन का समाधान होता न दिखाई दिया तब कमर में लटकती हुई कटार खींचकर अपनी छाती में भौंकने को तैयार हुआ। यह दुःसाहस देखकर आसपास के मनुष्यों ने उसका हाथ पकड़ लिया और समझाने लगे कि आपको इस प्रकार का दुःसाहस करना उचित नहीं है।

माता पिता ने भी सोचा कि अब असली बात छिपाने से कोई लाभ नहीं है। सत्य हकीकत कह देना ही उचित है। यह विचार कर वे कहने लगे—पुत्र! आज से तेरह वर्ष पूर्व हम मारवाड़ छोड़कर व्यापारार्थ निकले थे और विदेश यात्रा कर रहे थे उस समय जो रास्ता अब आने वाला है वहां जंगल में एक वट वृक्ष के नीचे भूमि पर एक श्वेत रंग का कपड़ा बिछा हुआ था उस पर सोया हुआ तू हमें मिला। उस समय तेरी

ायु करीब दो वर्ष की होगी । पास में कोई भी नहीं था । अरण्य-मि में माता पिता रहित आक्रन्द करते हुए तुझे देखकर हमें या आई और हमने वहां से ऊठा लिया । ऐसे भयानक जंगल देवकुमार जैसा पुत्र छोड़ कर जिसने तुझे जन्म दिया है वह ाता कहां चली गई होगी और उस माता पर न मालूम कौन ा विपत्ति का पहाड़ आ गिरा होगा कि तेरे जैसे रत्न को उस यानक जंगल में दिन के समय त्याग करना पड़ा होगा यह शंका में भी बहुत बार होती रहती है परन्तु तेरे आगे हमने कभी कट नहीं की और न करने का कारण ही था । यह असलीयत कट करने का पहला प्रसंग है । हम तो तेरे रक्षक माता पिता हैं चे जन्म देने वाले नहीं फिर भी तू हमें प्राणों से प्यारा है । हमने आज तक जन्म जात पुत्र की तरह ही तेरा रक्षण व पोषण किया है और यह सब सम्पत्ति तेरी है । तू किसी तरह ख्याल न करना । हमारा तू ही आधार है ।

रक्षक माता-पिता के द्वारा यह बात सुन कर साश्चर्य घने हुए हंसराज की विचार-धारा किसी दूसरे ही रूप में बदल गई और वह अपने माता-पिता को उसी पूज्य बुद्धि से नमन करता हुआ उनका आभार मान कर वहां से चल दिया ।

नगरी के द्वार पर पहुँच कर शहर में प्रवेश करते ही उसे कुछ अपशकुन हुए परन्तु उसका इस तरफ लक्ष्य ही नहीं था उसका लक्ष्य तो सातवें मंजिल में रही हुई दुखी तरुणी को अपनी पूर्व स्थिति बता कर रहस्य जानने को उत्सुक था । शीघ्र ही गणिका के भवन में आकर सीधा सातवें माले पहुँचा । सीढ़ी

खड़ी हुई और सत्कार पूर्वक आसन पर बैठने का आमंत्रण करने लगी। पलंग पर बैठकर कुछ समय विश्राम लेने के अनन्तर सती कहने लगी कि हे महाभाग! आपने मेरे लिए जो कष्ट उठाए हैं उसके लिए मैं आपकी कृतज्ञा हूँ। अब यह बताइये कि आपको वहां कोई नवीन बात जानने को मिली? कृपा करके बताइए ताकि मेरे मन का समाधान हो।

हंसराज कहने लगा कि हे सती आपकी शंका ने तो मुझे आज कोई नया ही अनुभव कराया है अब तक जिनको मैं अपने जन्म देने वाले माता-पिता मानता था आपकी प्रेरणा से पूछने पर वे तो मात्र मेरे रक्षक और पोषक माता-पिता ही हैं मेरी रक्षा और पोषण करने जितना ही हक धराते हैं किन्तु जन्म देने वाले मातपिता कौन होंगे यह तो वे भी नहीं जानते। उन्होंने मुझे इतना ही बताया है कि आज से तेरह वर्ष पूर्व हम जब देशाटन को थे और व्यापारार्थ माल लेकर जा रहे थे उस समय एक भयानक जंगल में एक वट वृक्ष के नीचे किसी कम्बल पर लेटा हुआ निराधार स्थिति में मुझे पाया उस समय मेरे पास कोई भी नहीं था। मेरी आयु उस समय करीब दो वर्ष की थी। उन्होंने आस पास किसी को न देख कर मुझे उठा लिया।

यह बात जानने पर मुझे भी मेरी स्थिति के विषय में बड़ी शंकाएं हो रही हैं कि मेरे माता-पिता ने किस कारण से मुझे इस स्थिति में [illegible] छोड़ा होगा और उनकी क्या दशा हुई होगी।

[illegible] समस्या [illegible] हमारी ही [illegible] है किन्तु [illegible] यह [illegible] हुई है कि यदि

शान्ति पूर्वक अपनी बुद्धि एवं विचार शक्ति का सदुपयोग करे और प्रयत्न करे तो वह वास्तविकता को प्राप्त कर सकता है। चाहिये हार्दिक जिज्ञासा। आत्मा ही आत्मा का साक्षी है। यदि अपनी आत्मा को शुद्ध बना ले तो विपरीत वृत्ति वाला प्रतिपक्षी विपरीतता त्याग कर शत्रु से मित्र, दुष्ट से सज्जन और विकारी भी निर्विकार बन जाता है।

हंसराज के द्वारा उसकी पूर्व स्थिति सुनते ही उस सती के समक्ष वह पूर्व घटना सब ताजा खड़ी हो गई और जिस स्थिति में उसने पुत्र को छोड़ा था वह सुनकर उसका हृदय भर आया। उभय नेत्रों से अश्रुधारा बह चली। बड़ी कठिनता से हृदय को थामकर गद्गद् स्वर से कहने लगी—

हे प्रिय पुत्र! पूर्व कृत कर्मों ने तो मेरे ऊपर दुखों की हद पूरी कर दी। तू ने मेरे ही उदर से उत्पन्न होकर दो वर्षों तक मेरे ही इन स्तनों का पय पान किया परन्तु दुर्दैवने तुझको भी मुझ से दूर किया जिसको आज तेरह वर्ष बीत चुके। मैं निरन्तर रात दिवस तेरा ही स्मरण चिन्तन करती थी और समय बिताती थी क्योंकि पतिदेव तो अब इस संसार में रहे नहीं, मुझे निराधार स्थिति में छोड़कर चल बसे। केवल तेरी ही आशा से जीवित थी किन्तु तू अपनी दुखियारी माता को ऐसा अनिष्ट प्रसंग लेकर मिला कि वह याद आते ही हृदय चिरा जाता है। अच्छा होता कि ऐसा प्रसंग आने से पहले ही मेरी मृत्यु हो जाती तो मैं अपने को भाग्यशाली मानती। इस प्रकार अपने पूर्व कर्मों को दोष देती बिलखती उस स्त्री को देखकर खेदातुर बना हुआ हंसराज कहने लगा कि आपसे मेरा यह दृष्टि मिलाप भी जिन्दगी में पहली बार

ही हुआ है इससे पहले न तो आपको मैंने पहले कभी देखा
न आपने ही मुझे देखा होगा फिर मुझे किस आधार से पु
सम्बोधन से बार २ पुकारती हो, समझ में नही आता। यदि
पवित्र रहने की इच्छा से मुझे पुत्र कहती हो तो अब मुझ से
खाने की जरूरत नही मैं तुम्हें सच्चे हृदय से विश्वास दिलाता
कि अब मुझ से जरा भी भय न रखो। जब से तुम्हारी ओर से
दृष्टि मिली है तब से मेरे हृदय में से भी वह बुरी भावना नि
गई है। मैंने उन विकारी विचारों को त्याग दिये हैं परन्तु मुझे
आश्चर्य हो रहा है कि मुझे जन्म देने वाली माता का दावा
किस आधार से करती हो? मेरी माता इस वेश्या घर में कैसे? या
जिस प्रकार आपने मेरी स्थिति जानने की चेष्टा की उसी प्रकार
मुझे भी आपकी पूर्व स्थिति बताने की कृपा करोगी कि जिससे मैं
यह समझ सकूं कि मैं किस प्रकार आपका जन्म जात पुत्र हूँ
और आपने किस कारण से वेश्यागृह में प्रवेश करके अपने शील
धर्म की रक्षा की जैसा कि आपने पूर्व में कहा है।

पुत्र का प्रश्न सुनकर रानी ने पश्चाताप से पिघलते हुए [illegible]
[illegible] इस प्रकार प्रारम्भ किया

यह तो टीड़ा भट्ट की अनर्गल भाषा भी उसके भाग्य की प्रबलता से सिद्ध हुई उसी तरह अपने भाग्योदय से ही यह पुत्र हुआ है जिसका पालन खूब संभाल पूर्वक सावधानी के साथ करो किसी प्रकार का वहम नहीं करो और सुख पूर्वक रहो।

से पूर्ण होकर तेरा जन्म मेरी कुक्षि से हुआ । शक्त्यनुसार जन्म की ख़ुशी मनाई गई, कुटुम्ब का मिष्टान्न तथा वस्त्रादि यथा योग्य सत्कार किया गया और "देवदत्त" तेरा शुभ न रक्खा गया।

कुछ समय बीतने पर मैंने तेरे पिताजी को कहा—स्वामि मैंने इस पुत्र के लिए अम्बिका माता की बोलमा की थी कि अम्बिके तेरी कृपा से यदि मुझे सन्तान लाभ होगा तो मैं प सहित पुत्र को लेकर पैदल यात्रा द्वारा तेरे दर्शन कराऊंगी" इ लिए आप पधार कर मेरी यह बोलमा पूर्ण करो और पुत्र अम्बिका माता के दर्शन कराओ।

तेरे पिताजी कहने लगे हे प्रिये! अम्बिका माता के पा क्या पुत्र रखा हुआ था सो उसने हमें दे दिया? हमारे भाग्य न हो तो चाहे कितनी बोलमा क्यों न की जाय नहीं हो सकत इसलिये यह न समझना चाहिये कि अम्बिका माता ने पुत्र दि है। भाग्य में न हो तो गर्भ में आकर भी उसका परिवर्तन हो जाता है।

श्रीकृष्ण की माता देवकी देवी के गर्भ में श्रीकृष्ण से पूर्व एक दो नहीं परन्तु छः छः पुत्र गर्भ में आये और वे भी ऐसे भाग्य शाली कि उनकी समता उस समय दूसरा कोई नहीं कर सकता था चरमशरीरी तद्भव मोक्षगामी थे परंतु उसके भाग्य में संतान सुख नहीं था इसलिये जन्मते ही उनका देवद्वारा अपहरण होकर जिस माता के भाग्य में सन्तान सुख था उसके यहां पहुंच गये श्री कृष्ण को भी जन्मते ही गोकुल में भेज गये इसलिये ऐसी बात नहीं है कि अम्बिका ने ही पुत्र दिया।

यह तो टीड़ा भट्ट की अनर्गल भाषा भी उसके भाग्य की प्रबलता से सिद्ध हुई उसी तरह अपने भाग्योदय से ही यह पुत्र हुआ है जिसका पालन खूब संभाल पूर्वक सावधानी के साथ करो किसी प्रकार का वहम नहीं करो और सुख पूर्वक रहो ।

प्रकरण ८

टीडा भट्ट की माया सिद्धि

एक गांव में एक दरिद्र ब्राह्मण रहता था। वह पुरुषार्थ न करते हुए केवल भिक्षा वृत्ति द्वारा ही अपना जीवन निर्वाह करता था और जीवन को आलस्यमय बना रखा था। एक समय उस ब्राह्मण की स्त्री सगर्भा हुई तब विचार करने लगी कि सन्तान होने पर तो खान पान आदि जापे में पैसे की आवश्यकता होती है बगैर पैसे काम नहीं चलता इसलिये अभी से कुछ प्रयत्न करना चाहिये। यह विचार कर वह एक दिन अपने पति ब्राह्मण देव से कहने लगी कि मैं सगर्भा हुई हूँ प्रसव समय निकट आता जा रहा है घर में पैसा नहीं है अत कहीं जाकर पैसा लाइये बिना पैसे काम नहीं चलेगा। श्रीमतीजी का आदेश सुनकर ब्राह्मण विचार करने लगा कि न तो मैं पढ़ा लिखा हूँ न कुछ जानता ही हूँ मैं कहां से पैसा लाऊँ मुझे कौन पैसा दे। परंतु ब्राह्मणी के बार २ तंग करने से ब्राह्मण ने निरुपाय जाना स्वीकार किया। ब्राह्मण के कुलाचारानुसार तिलक छापे लगा कर वहां से चल दिया। कहा है कि:—

उद्योगेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः ॥
न हि सुप्तस्य सिंहस्य; प्रविशन्ति मुखे मृगाः ॥ १ ॥

भावार्थ—उद्योग से ही कार्य की सिद्धि होती है केवल मनोरथ करते रहने से नहीं। जैसे सोये हुए सिंह के मुंह में आकर मृग नहीं गिर पड़ता उसे उचित रूप से उद्योग करना ही पड़ता है तभी क्षुधा दूर होती है। इसी तरह आलसी मनुष्य का कोई कार्य सफल नहीं होता। उद्योग से सब कार्य सिद्ध होते हैं।

जाते हुए ब्राह्मण को भाग्य योग से मार्ग में तालाब की पाल के नीचे कुछ गधे चरते हुए दिखाई दिये। आगे जाने पर एक कुम्हार अपने गधों की शोध में आता हुआ दिखाई दिया नजदीक आने पर उसने पूछा गुरुजी ! मेरे गधे गुम गये हैं। मैं शोधते शोधते हैरान हो गया हूँ मेरे गधे मुझे कहां और कब तक मिलेंगे ? ब्राह्मण देव ने मीन मेष गिन कर कहा तेरे गधे इस तालाब की पाल के नीचे मिलेंगे। दुनिया में आडम्बर भी कभी २ कार्य साधक बन जाता है। पंडितजी को प्रणाम करके वह उतावला उतावला तालाब के पास पहुंचा निगाह फैला कर देखता है तो पाल के नीचे गधे चरते हुए दिखायी दिये। प्रजापति ने सोचा कि पंडितजी साक्षात् ब्रह्म है मैं ढूंढते ढूढते थक गया तो भी नहीं मिले और पंडितजी के दर्शन होते ही मिल गये इसलिए पंडितजी का मुझे स्वागत एवं भाव भक्ति करनी चाहिये। यह सोचकर गधों को घेर के शीघ्र ही मार्ग काटते हुए पंडितजी के आगे आकर कहने लगा महाराज आज मेरा घर पावन कीजिये। आप बड़े ज्ञानी हैं। ब्राह्मण ने सोचा कि मुझे भी भूख लग रही है दिन बहुत चढ़ गया है घर से तो कुछ लाया नहीं फिर भाग्यवश आमंत्रण मिल रहा है इसे क्यों टालूं ? वह प्रजापति के साथ हो लिया। कुम्हार पंडितजी को साथ लिये अपने घर आया और बाहर के

दालान में उन्हें आदर पूर्वक बिठलाये । घर में जाकर अपनी स्त्री से कहने लगा आज पंडितजी महाराज पधारे हैं बड़े ज्ञानी हैं अतः इनके लिये भोजन बनाओ कहकर बाहर चला गया । कुम्हारिन ने रोटे बनाये किन्तु उसने विचार किया कि मैं भी तो देखूं पंडितजी कैसे ज्ञानी हैं ? कुम्हारिन पंडितजी के पास आकर प्रणाम करके बोली महाराज आप बड़े ज्ञानी हैं तब कहिये मैंने कितने रोटे बनाये है ? पंडितजी ने उत्तर दिया तेने पांच रोटे और एक बाटिया बनाया है । कुम्हारिन आश्चर्य से कहने लगी पंडितजी वास्तव में ज्ञानी हैं जिन्होंने सच्ची बात बता दी रोटे तो बताये पर बाटिया भी बता दिया यही तो इनकी विशेषता है । कुम्हारिन ने प्रसन्न होकर ब्राह्मण को भोजन कराया ।

छोटा गांव होने से पंडितजी की प्रशंसा फैलते हुए देरी नहीं लगी। यह बात ठाकुर की गढ़ी में भी पहुँच गई उस समय ठाकुर साहब के रणवास में से ठकुरानी का हार चोरी में चला गया था इसलिए ठाकुर साहब ने सोचा कि पंडितजी को बुला कर पूछना चाहिये । पंडितजी को ठाकुर साहब ने बुलवाया प्रणाम कर ठाकुर साहब कहने लगे महाराज मेरा कीमती हार रणवास में से चला गया है आप बड़े ज्ञानी हैं बतलाइये वह किसने लिया ? पंडितजी असमंजस में पड़ गये वे क्या बतावें किन्तु ठाकुर साहब कब मानने लगे ? नौकरों को हुक्म दिया ये यों नहीं बतायेंगे इन्हें आज रात भर अमुक कमरे में बन्द कर दो । बेचारे ब्राह्मण के देवता कूच कर गये उसकी नींद हराम हो गई वह बन्द कमरे में बैठा हुआ रह रह कर कहता है "नींदड़ली हार गया" "नींदड़ली हार गया" उसी समय उस ठाकुर की एक

ी जिसने वह हार चुराया था वहां आयी और कान देकर
ने लगी। पंडितजी को नींद न आने से कोई कोई वार उपरोक्त
द बोल जाते।

पंडितजी का वह शब्द सुनते ही वह घबरायी कारण कि
का नाम भी इसी तरह का था। उसने सोचा पंडिजी तो बड़े
नी हैं सुबह ही ठाकुर साहब को कह देंगे तो मेरी क्या दशा
गी? वह वहां से जाकर गुपचुप हार लाकर उगालदान में से
रे में डाल गयी। पंडितजी के पास हार आकर पड़ा यह देख
ण प्रसन्न हुआ खूंटी तान कर सो गया, ऐसे खर्राटे भरने
ा कि सवेरा हो गया। उधर ठाकुर साहब ने प्रातःकाल होते
कमरा खुलवाया। ब्राह्मण जगकर हार लेकर ठाकुर के पास
ाया। हार देखकर ठाकुर बहुत प्रसन्न हुआ उसे उचित पुरस्कार
र वहीं रखा। अब तो ब्राह्मदेव ठाकुर साहब के महमान होकर
ने लगे। एक दिन ठाकुर साहब फिर हाथ में टीड़ी जानवर
र ब्राह्मण से पूछने लगे कहिये पंडितजी मेरे हाथ में क्या है?
तो पंडितजी घबराये सहसा उसने एक दोहा बनाकर कहा।

ाल चरन्ता गधा पाया, थापाथोपी रोटा ॥
ींदडली तो हार बतायो, अबतो टीडिया की मौत आयी॥

पंडिजी ने तो सहज भाव से वह दोहा कहा परन्तु भाग्य
ा से वह भी लागू पड़ गया ठाकुर साहब ने हाथ खोल कर
ी दिखादी इस प्रकार जब भाग्य अनुकूल होता है तो सभी
ें अनुकूल हो जाती है। कवि ठीक ही कहता है कि:—

नहीं सिर्फ पश्चात्ताप ही उसके लिए अवशेष रह जाता है। कवि ठीक ही कहता है कि "नाभाव्यं भवतीह कर्मवशतो भाव्यस्य नाशः कुतः" अर्थात् जो नहीं बनने वाला है वह प्रयत्न करने से बन नहीं सकता और जो बनने वाला है उसका नाश कैसे हो सकता है वह बन कर ही रहेगा फिर भी मनुष्य के लिये उचित यह है कि प्रत्येक कार्य सोच समझ कर करे।

प्रकरण ९ वां

मुसीबत का पहाड़

ग्रीष्म ऋतु में प्रातः काल का समय बड़ा ही सुहावना होता है। उस समय चलती हुई ठण्डी ठण्डी हवा पथिकों को प्रमोद एवं उल्लास देती है, उनमें उत्साह का संचार करती है परन्तु वह आनन्द और वह उल्लास अधिक समय तक टिकता नहीं। सूर्योदय होने पर उसकी तेजी बढ़ी कि वह सुन्दर ठण्डक लुप्त हो जाती है उसकी जगह गरम गरम हवा की लपटें प्रारम्भ होने लग जाती हैं और घबराहट पैदा कर देती हैं।

वत्स ! तेरे पिताजी के साथ तुझे लिये हुए मैं चली जा रही थी। ज्यों २ सूर्य की तेजी बढ़ती गई त्यों ही प्यास व घबराहट भी बढ़ती जाने लगी मुंह का थूक भी सूखता जा रहा था रास्ते के थाक में ग्लानि बढ़कर चेहरा म्लान बनता जा रहा था फिर भी होश के मारे चले जा रहे थे। चलते २ एक पगडण्डी दिखायी दी जो नजदीक का रास्ता समझ कर हम उस तरफ आगे बढ़ गये परन्तु थोड़ी दूर जाने पर झाड़ आदि वृक्षावली भी दिखाई नहीं दी और मार्ग विषम बन गया। घबराहट और बढ़ी, प्यास भी जोर से लगी तब मुझ से न रहा गया और मैं, कहने लगी—नाथ

अब मैं क्या करूं ? कहीं गये गगन भी गहन हो गया है न मालूम उनकी क्या हालत हुई होगी ? मैं कहां जाऊं और कहां शोधूं ? यह भयानक जंगल है यदि कोई भयानक जंगली जानवर आगया तो मेरी और इस बालक की रक्षा कैसी करूंगी यदि कोई दुर्जन दुष्ट तस्कर या व्यभिचारी मनुष्य आ गया तो मेरे इस दिव्य रूपधारी शरीर को कहां छिपाऊंगी तथा मेरे शील धर्म की रक्षा कैसे करूंगी ? इस प्रकार हे पुत्र मैं अपनी मूर्खतावश पश्चाताप कर रही थी ।

किसी काम को बिना विचारे कर लेना या मान्यता बोलमा कर लेना सरल बात है परन्तु जब उसके अनुसार प्रवृति करनी पड़ती है तब अनुभव होता है कि मैंने बहुत बुरा किया । मैं भी पश्चाताप कर रही थी और यह आशा लगाये बैठी हुई थी कि पतिदेव जल लेकर आते होंगे इतने में उत्तर दिशा तरफ धूल के गोट के गोट उड़ते दिखाई दिये ।

प्रकरण १० वाँ

मलिन—भावना

गुरु ! मैं जंगल में बरगद के नीचे अकेली बैठी हुई अनेक प्रकार के विचारों में गोते लगा रही थी इस समय मैं उत्तर दिशा तरफ धूल के गोटे उड़ते हुए देखकर विस्मित हो उठी और विचार करने लगी कि क्या बात है कौन आ रहा है । स्वल्प समय में ही एक घोड़ा पूरपाट दौड़ता हुआ सवार दिखाई दिया और वह भी उस वृक्ष के नीचे आकर विश्रान्ति लेने लगा मैं एक अनजान मनुष्य को देखकर घबराई । मुझे घबराती हुई असमंजस में पड़ी हुई अकेली देखकर वह घुड़सवार कहने लगा कि मैं यहां से नजदीक में रही हुई चन्द्रावती का राजा हूं शिकारार्थ परिवार सहित जंगल में आया था वह कार्य करके वापिस अपने शहर को जा रहा था । मेरा साथी लश्कर दूसरे रास्ते होकर निकल गया मैं इस रास्ते निकल आया । [illegible] हुए राजा ने मुझे देखी मेरे साथ में उस समय कोई नहीं था इसलिये [illegible] और शरीर की सुन्दरता ने उसके हृदय [illegible] ति पैद [illegible] के वेग में परवश होकर मर्यादा को [illegible] हुआ [illegible] ।—

अय कोमलांगी बाला तू साक्षात् इन्द्राणी जैसी रूप पुंज और हृदय को लुभाने वाली इस भयंकर जंगल में अकेली क्यों बैठी है ? तू मानुषी है या वनदेवी है तेरा आरक्षक कौन है सो कह और मुझ से मत घबरा । मैं यहां से नजदीक रही हुई चन्द्रावती का राजा हूँ । तूं मेरे साथ चल । मैं तुझे बड़े प्रेम से रखूंगा और सब रानियों में पटरानी बना कर तेरा सम्मान बढ़ाऊंगा और श्रेष्ठ महलों में रखूंगा । तेरा परिचय न होने पर भी तेरा चहेरा यह बता रहा है कि तू किसी श्रेष्ठ कुल में जन्मी हुई पद्मिनी है इस जंगल में अनेक प्रकार के भय हैं । तेरे साथ कोई दिखायी भी नहीं देता इसलिए यहां ठहरना उचित नहीं । मैं तुझ पर प्रसन्न हूँ और तुझे हृदय से चाहता हूँ इसलिए मेरे साथ चल वहां हजारों दास दासी तथा दूसरी सब रानियां तेरी हाजरी में रहेगीं वहां सोने के लिए सुख शय्या रहने के लिए राज्य महल फिरने के लिए गाड़ी घोड़े और खाने को नित्य नये पकवान मिलेंगे और मैं स्वयं तेरे आधीन बन कर रहूँगा इसलिए उठ और मेरे साथ चल ।

राजा के उपरोक्त आमंत्रण सूचक वाक्य सुनकर मैंने उससे कहा कि-राजन् ! तुम मर्यादा पुरुषोत्तम होते हुए कामातुर होकर क्या बोल रहे हो और क्यों भान भूल रहे हो ? अपना आपा संभालो । मेरे स्वामी मध्यान्ह की भयंकर गर्मी में विश्रान्ति लेने को बैठाकर जल की शोध में गये हैं सो जल लेकर आते ही होंगे मैं कोई अनाथ नही परन्तु सनाथ हूँ तथा उत्तम खानदान की स्त्री हूँ पर पुरुषों को बन्धु व पिता तुल्य मानती हूँ इसलिए हे नरेन्द्र कदाचित् समुद्र मर्यादा त्याग दे, प्रलय काल का पवन मेरु को डिगा दे, सूर्य से अंधेरा हो जाय चन्द्र से अग्नि झरने लगे यह बातें न होने लायक

मी हो जावें परन्तु सती स्त्री अपना शील धर्म कभी नहीं त्यागती
तें भी आपके राज्य और सुखोपभोग के लालच में आकर अपना
ील धर्म त्यागने वाली नहीं हूँ मेरे सतीत्व के आगे इन्द्रासन को
ाी तृण समान तुच्छ मानती हूँ अतः आपको ऐसी अनुचित बात
कहना उचित नहीं है। जो सत्ताधीश होकर इस प्रकार अधर्माचरण
करने को तत्पर हो जाते हैं वह अपने पाप से बहुतों को ले डूबते
हैं अतः आपके मन की विकलता को शुद्ध करके मलिन भावना को
दूर कीजिये और प्रजा की सर्व स्त्रियों को बहन एवं पुत्री तुल्य मान
कर उनके रक्षक बनो इसी में आप नरेशों का कल्याण है।
किमाधिक्यम् ?

॰१९३।।१९१॰

प्रकरण ११ वाँ

अपहरण और पुत्र विछोह

शम्भुस्वयंभूहरयो हरिणेक्षणानां,
येनाऽक्रियन्त सततं गृहकर्मदासा ॥
वाचामगोचर चरित्रविचित्रताय,
तस्मै नमो भगवते कुसुमायुधाय ॥ १ ॥

भावार्थ—जिसके वशीभूत होकर शम्भु (शिव) स्वयम्भू (ब्रह्मा) और हरि जैसे अवतारी पुरुष भी हरिण जैसे नयनों वाली स्त्रियों के आगे गृहकर्म करने को दास बन गये है जिसका वर्णन वाचा से परे व चरित्र विचित्र है ऐसे कुसुम के आयुध वाले भगवान कामदेव को मेरा नमस्कार है।

जिस कामदेव के आगे ऐसे २ अवतारी महापुरुष भी झुक गये हैं और परास्त होकर अपनी हार मान गये हैं वहाँ एक साधारण मानवी की क्या ताकत है जो सामने टिक सके ? मेरे बहुत समझाने पर भी वह पराजित भूपति घोड़े से नीचे उतर कर मुझे पकड़ के बलात् घोड़े पर डालकर आप भी सवार हो वहां से चल दिया। उस समय मैंने मुक्त होने के बहुत प्रयत्न किये परन्तु मेरी

गई और बीच में ही यह बनाव बनने से अपन पृथक् पृथक् हो गये। जिसको करीब तेरह वर्ष हो गये हैं। पश्चात् तेरा जो हुआ सो तेने उन तेरे पालक माता पिता से जानकर कहा ही है कि वनजारा आया उसने तुझे उठाया और तेरा पालन पोषण हुआ।

आज तेरह वर्ष बाद तेरा दीदार देखने को मिला परन्तु ऐसा अनिष्ट प्रसंग लेकर तू आया कि जो किसी भी तरह वाञ्छनीय नहीं कहा जाय। मेरे जीवन को धिक्कार है जो मेरे अंगजात पुत्र की भी मेरे प्रति बुरी नज़र दुर्दैवने कराई पूर्व संस्कारों में न जाने क्या चमत्कार है जो हमें बचाने के निमितभूत बन गये। इतना कहने के साथ ही सती फिर रो पड़ी और उभय नयनों से अश्रुधारा बहाने लगी यह देखकर हंसराज को भी यह खातरी हो गई कि यही मेरी जन्मदात्री सच्ची माता है।

उसी समय हंसराज के हृदय में चिन्ता की भयंकर व्यथा उत्पन्न हुई और वह अनेक कल्पनाओं की वेदी में दहलता हुआ मूर्छित होकर गिर पड़ा।

यह हालत देखकर सती एकदम घबरायी और उसके पास जाकर अपनी साड़ी के अंचल से पवन डालती हुई उसे सुधि में लाने का प्रयत्न करने लगी कुछ समय में सुधि आते ही वह भी हृदय फाट रूदन करने लगा और आन्तरिक व्यथा पूर्ण इस अज्ञात पाप की परमात्मा से बारम्बार क्षमा मांगने लगा कि प्रभो! अब मेरा उद्धार कैसे होगा मैं इस महापाप से किस तरह बचूंगा। मैं नहीं जानता था कि यह मेरी जन्मदात्री माता है इसी से मैंने यह दुःसाहस किया प्रभो, आप दयालु हैं मुझे क्षमा करना।

प्रकरण १२ वाँ

माता वेश्या-घर में कैसे ?

हंसराज को रुदन करता हुआ देखकर सती उसे कहने लगी—हे पुत्र ! मेरे जीवन के आधार ! अब शान्त रह, तैने जो पहले विषय पूर्ण प्रार्थना की थी वह अज्ञता के कारण थी इसलिये क्षन्य है । अतः हृदय को मजबूत करके इस चिन्ता को छोड़ ।

